शर्मा सहायक कर्मचारी ने बताया कि मेरी रिश्तेदारी में मृत्यु होने से मै अवकाश पर हूं इस पर जीएसम मैनेजर को कार्यवाही के लिए एक अन्य स्वतंत्र गवाह की आवश्यकता होने पर अन्य कोई स्वतंत्र गवाह उपलब्ध कराने की कहा तो उन्होने श्री मोहम्मद हकीत खान को पूर्व से पाबन्दशुदा श्री चेतनप्रकाश विजय के साथ भेजा। दोनो गवाहान के उपस्थित आने पर नये गवाह मौहम्मद हकीत खान को अपना व हमाराहीयान का परिचय देकर उसका नाम पता पूछा तो गवाह ने अपना नाम मौहम्मद हकीत खान पुत्र स्व0 श्री सुबराती खां उम्र 34 साल जाति - मुसलमान निवासी ई -6 बरकत कॉलोनी झोटवाडा पुलिस थाना झोटवाडा जिला जयपुर हाल सहायक कर्मचारी राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स (आर.एस.जी.एस.एम.) होना बताया। गवाह को अब तक की कार्यवाही से अवगत कराते हुए दोनो गवाहान को साथ में हमरा लेकर परिवादी श्री बालूराम के बताए अनुसार ज्योति नगर जयपुर पहुंचा जहां परिवादी श्री बालूराम पूर्व से उपस्थित मिला। परिवादी से नये गवाह मौहम्मद हकीत खान का आपस में परिचय कराकर गवाह को परिवादी द्वारा दिनांक 19.12.2024 को पेश की गई शिकायत को पढने को दिया गया तथा स्वतंत्र गवाह से ट्रेप कार्यवाही में बतौर स्वतंत्र गवाह रहने की सहमति चाही गई तो स्वतंत्र गवाह ने अपनी मौखिक स्वीकृति प्रदान की एवं प्रमाण स्वरूप स्वतंत्र गवाह ने अपने हस्ताक्षर किये। तत्पश्चात समय 12.20 पीएम पर दोनो स्वतंत्र गवाहान के समक्ष पाउडर युक्त रिश्वत राशि एक लाख रूपये को श्री विजय सिंह कानि. चालक से निकलवाकर पूर्व में तैयार की गई फर्द पेशकशी से मिलानकर सीधे ही परिवादी श्री बालूराम की पेन्ट की आगे की दाहिने तरफ की जेंब में रखवाया गया। तत्पश्चात नये स्वतंत्र गवाह हकीत खान को सोडियम कार्बोनेट व फिनोफ्थलीन पाउडर की आपस में रासायनिक क्रिया को दृष्टांत देकर समझाया गया। तत्पश्चात दोनों गवाहान व परिवादी एवं समस्त ट्रेप पार्टी सदस्यों के हाथ साबुन पानी से अच्छी तरह साफ करवाये गये तथा मन अति0 पुलिस अधीक्षक ने भी अपने दोनों हाथ साबुन पानी से अच्छी तरह साफ किये। इसके बाद परिवादी को छोड कर दोनों गवाहान एवं समस्त ट्रेप पार्टी सदस्यों की आपस में एक दूसरे से जामा तलाशी लिवायी गई जिसमें मोबाईल फोन, परिचय पत्र के अलावा किसी के पास कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं रहने दी गई। परिवादी को सरकारी डिजीटल वॉइस रिकार्डर मय एसडी कार्ड वक्त रिश्वत लेन देन की वार्ता को रिकार्ड करने के लिये वॉइस रिकॉर्डर को चलानें एवं बन्द करने की विधि समझाकर बाद हिदायत सुपुर्द कर रवाना कार्यालय राजस्थान आवासन मंडल जयपुर किया गया। मन् अति. पुलिस अधीक्षक मय हमराहियान जाप्ता व स्वतंत्र गवाहान के आस पास ही अपनी उपस्थिति छुपाते हुए खडा हो गया। तत्पश्चात समय 01.15 पीएम पर परिवादी श्री बालूराम बिना इशारा किए ही राजस्थान आवासन मंडल जयपुर से बाहर आया जिनसे पूर्व में सुपुर्दशुदा वॉइस रिकॉर्डर को मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने प्राप्त कर बंद कर अपने पास सुरक्षित रखा इसके बाद परिवादी ने बताया कि मेरी प्रशान्त गुप्ता जी से बात हुई थी प्रशांत जी ने मुझे कुछ समय बाद पुनः बुलाया है। प्रशांत जी हुई वार्ता लाप को मैंने रिकॉर्डर में रिकॉर्ड कर लिया है। तत्पश्चात समय 03.45 पीएम पर परिवादी श्री बालूराम के बताये अनुसार वाईस रिकार्डर को सुपुर्द कर आरोपीगण से मिलने व रिश्वत राशि लेनदेन हेतु कार्यालय आवासन मंडल रवाना किया । मन् अति. पुलिस अधीक्षक मय हमराहियान जाप्ता व स्वतंत्र गवाहान के राजस्थान आवासन मंडल के आस पास ही अपनी उपस्थिति छुपाते हुए खडा हो गया। तत्पश्चात समय 04.35 पीएम पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को परिवादी श्री बालूराम के नियत इशारे की सूचना प्राप्त होने पर मन अति0 पुलिस अधीक्षक मय हमराहीयान स्वतंत्र गवाहान एवं जाप्ता के कार्यालय आवासन मण्डल जयपुर के मुख्य दरवाजे से प्रवेश करते हुए सीडियों द्वारा तृतीय तल पर पहुंचा जहां परिवादी उपस्थित मिला जिससे पूर्व में सुपुर्दशुदा वॉइस रिकॉर्डर प्राप्त कर बंद कर सुरक्षित अपने पास रखा तत्पश्चात परिवादी के पीछे-पीछे हॉल कार्यालय की गैलरी से होते हुए कमरा नं. 406 के दरवाजे पर पहुंचा जहां परिवादी श्री बालूराम ने एक व्यक्ति की ओर इशारा कर बताया कि यही श्री प्रशांत गुप्ता कनिष्ठ विधि अधिकारी हैं जिन्होने अभी-अभी मेरे से रिश्वत राशि एक लाख रूपये अपनी कार्य करने की टेबल की रैक में रखवाये हैं। इस पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने अपना व हमराहीयान का परिचय देते हुए कानि. श्री दिलीप कुमार से अपना निजी मोबाइल फोन में वीडियो रिकॉर्डिंग चालू कर परिवादी द्वारा बताये गये व्यक्ति से उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम प्रशांत गुप्ता पुत्र श्री के के गुप्ता उम्र 41 साल जाति महाजन निवासी 4/492 मालवीय नगर पुलिस थाना मालवीय नगर जिला जयपुर हाल कनिष्ठ विधि अधिकारी आवासन मंडल जयपुर होना बताया। इस पर आरोपी प्रशांत गुप्ता से रिश्वत राशि एक लाख रूपये के बारे में पूछा तो आरोपी ने बताया कि मैंने कोई रिश्वत राशि नही ली है जिस पर परिवादी बालूराम से पूछा तो कमरे में रखी टेबल की रैक की तरफ इशारा कर बताया कि रिश्वत राशि टेबल की रेक में रखी हुई है। टेबल की रेक को स्वतंत्र गवाह श्री चेतनप्रकाश के द्वारा टेबल की रेक को खुलवाकर देखा तो उसमें पांच-पांच सौ रूपये के नोटो की दो गड्डियां दिखाई दी इसके बाद पुनः श्री प्रशांत को तसल्ली देकर पूछा तो बताया कि मैं कनिष्ठ विधि अधिकारी के पद पर आवासन मंडल जयपुर विधि प्रकोष्ठ में वर्ष 2021 से कार्यरत हूं। श्री बालूराम जी करीब एक साल पहले अपने पिता के नाम आवंटित आवास सं0 7 एच 43 इंदिरागांधी नगर जगतपुरा के सम्बंध में पत्रावली बाबत विधि प्रकोष्ठ में आये थे जिनकी पत्रावली विधिक राय उपरांत लगभग उसी समय प्रशासनिक निर्णय हेतु प्रेषित कर दी गई थी। विधि प्रकोष्ठ में पत्रावली पर कोई काम अपेक्षित नही है। मेरे द्वारा अपने लिए कभी भी कोई रिश्वत राशि की मांग नही की गई । अनिल पालीवाल उप सचिव आवासन मंडल जयपुर के कहने पर ही मैंने बालूराम जी से उनकी पत्रावली के सम्बंध में बातचीत की हैं रैक में रखे हुए रूपये एक लाख रूपये के बारे में मुझे कोई जानकारी नही है। इस पर पास में खडे हुए

परिवादी श्री बालूराम ने आरोपी की बातों का खंडन करते हुए बताया कि प्रशांत जी झूंठ बोल रहे हैं मैं इनके पास मेरे स्वर्गीय पिताजी श्री मोहनलाल जी को राजस्थान हाउसिंग बोर्ड जयपुर की विशिष्ठ पंजीकरण योजना वर्ष 2003 के अन्तर्गत आवास सं. 7एच 43 इंदिरागांधी नगर जगतपुरा जयपुर में आवंटित हुआ था पिताजी के मृत्यु के पश्चात उक्त आवास का स्थानान्तरण मेरे नाम हो गया था। मेरे द्वारा समय समय पर आवास के मांग पत्र जारी करने के सम्बंध में पत्र जारी किये गये किंतु राजस्थान हाउसिंग बोर्ड द्वारा कोई निर्णय नही लिये जाने के उपरांत मैं आवासन मंडल के उप सचिव श्री अनिल कुमार पालीवाल से आकर मिला तो उन्होंने मुझसे कहा कि आप प्रशांत गुप्ता कनिष्ठ विधि अधिकारी से मिल लो वो आपको पत्रावली के बारे में जानकारी दे देंगे इस पर मैं प्रशांत गुप्ता से मिला तो उन्होने बताया कि आपके आवास का मांग पत्र एवं आवंटन पत्र जारी हो जाएगा इसके लिए आपको तीन लाख रूपये देंगे होंगे इसकी शिकायत मैंने एसीबी जयपुर में की थी इसके बाद दिनांक 19.12.2024 को जयपुर एसीबी के अधिकारीयों के कहने पर मैं आपसे मिला था आप द्वारा मेरे द्वारा दी गई लिखित शिकायत का गोपनीय सत्यापन करवाया गया था सत्यापन के दौरान मेरे निवेदन करने पर प्रशांत गुप्ता मुझसे एक लाख रूपये रिश्वत राशि लेने पर सहमत हो गये थे। आज मैं प्रशांतजी से मेरी फाइल के सम्बंध में दिन लगभग एक बजें मिला और मैंने बताया कि मैं व्यवस्था कर लाया हूं तो प्रशांत जी ने मुझसे पूछा कि कितने लाये हो तो मैंने कहा कि एक लाख हैं तो इन्होंने कहा कि आप बाद में आना अभी चेयरमेन साहब की कोई मीटिंग है फिर मैं पुनः लगभग 04 बजे प्रशांतजी से मिला तो इन्होंने बताया कि आपकी फाइल के बारे में मेरी सेकेटरी साहब से बात हो गई है आपकी फाइल डिस्कशन के लिए कमीशनर साहब के पास भेज दी है आज इसका डिस्पोजल कर देंगे एवं इनके द्वारा मांगी गई रिश्वत राशि के लिए कहा तो प्रशांत जी ने मुझसे रिश्वत राशि एक लाख रूपये को टेबल की रैक में रखने को कहा तो मैने रिश्वत राशि एक लाख रूपये टेबल की रैक में रख दी। रिश्वत राशि अभी भी रैक में ही रखी हुई है। इस पर स्वतंत्र गवाह श्री चेतनप्रकाश द्वारा रैक को खुलवाकर दिखवाया गया तो रैक के अंदर खाकी रंग के लिफाफे के ऊपर पांच-पांच सौ रूपये के दो गड्डियां दिखाई दी उक्त रिश्वत राशि को गवाह श्री चेतनप्रकाश से उठवाया गया एवं रिश्वत राशि को गवाह चेतनप्रकाश के पास ही सुरक्षित रखवाया गया। तत्पश्चात आरोपी प्रशांत गुप्ता द्वारा उसके मोबाइल के वाट्सएप नं. [redacted] से संदिग्ध आरोपी अनिल पालीवाल उप सचिव के मोबाइल के वाट्सअप नं. [redacted] जो आरोपी प्रशांत गुप्ता के मोबाइल में dr Anil Kumar Paliwal RAS के नाम से सेव है, पर वाट्सअप कॉल कराई जाकर वार्ता कराई गई उक्त कॉल को लाउड स्पीकर पर रखकर विभागीय वॉइस रिकॉर्डर में रिकॉर्ड हुई वार्ता में संदिग्ध उप सचिव अनिल पालीवाल को बालू भइया की फाइल के सम्बंध में चर्चा करते हुए प्रशांत ने पूछा कि वो पूछ रहे हैं कि क्या करना है तो श्री अनिल पालीवाल ने कहा कि अभी वेट करो बताते हैं। इस पर पुनः आरोपी प्रशांत गुप्ता से रिश्वत राशि के सम्बंध में तसल्ली देकर समझाइस की गई कि आप और परिवादी श्री बालूरामजी संदिग्ध आरोपी उप सचिव अनिल पालीवाल से मिलकर रिश्वत राशि के सम्बंध में वार्ता करे की इस पर आरोपी प्रशांत गुप्ता सहमत हो गया। विभागीय वॉइस रिकॉर्डर में से मेमोरी कार्ड को निकाला गया जिसमें रिश्वत लेनदेन वार्ता व आरोपी व संदिग्ध आरोपी के मध्य वाट्सअप कॉल वार्ता रिकॉर्ड है को सुरक्षित अपने पास रखकर रिकॉर्डर में नया मेमोरी कार्ड डालकर आरोपी प्रशांत गुप्ता एवं परिवादी श्री बालूरामजी को विभागीय वॉइस रिकॉर्डर चालू करके मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की निगरानी में द्वितीय तल पर संदिग्ध आरोपी अनिल पालीवाल के कक्ष में भेजा गया । जिस पर आरोपी प्रशांत गुप्ता व परिवादी बाद वार्ता कक्ष से बाहर आये और परिवादी को सुपुर्दशुदा वॉइस रिकार्डर प्राप्त कर बंद कर सुरक्षित अपने पास रख द्वितीय तल से रवाना होकर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय हमराही आरोपी एवं परिवादी के तृतीय तल पर आकर आरोपी से पूछा तो आरोपी प्रशांत गुप्ता ने बताया कि बाद में बात करने के लिए कहा है। इस पर अग्रिम कार्यवाही करते हुए ट्रेप बॉक्स मे से पारदर्शी डिस्पोजल गिलास को निकाल कर आवासन मंडल कार्यालय में लगे हुए वाटरकूलर से पानी मंगवाकर गिलास को साफ करवाकर गिलास में साफ पानी डलवाकर एक चम्मच सोडियम कार्बोनेट पाउडर गवाह हकीत मोहम्मद खान से डलवाकर हिलवाया गया तो पानी रंगहीन रहा जिसे सभी हाजरीन को दिखाया तो सभी ने रंगहीन होना स्वीकार किया। ट्रेप बॉक्स से रूई के फोये को निकालकर उक्त घोल में रूई के फोये को डुबोकर फाये से लिफाफे को पुंछवाया जाकर पुनः फोये को घोल में डुबोकर धुलवाया गया तो धोवन का रंग हल्का गुलाबी हो गया। जिसे सभी को दिखाकर दो कांच की साफ शीशियों में आधा-आधा भरवाकर सील मोहर चिट चस्पा करवाकर चिट व कपडे पर सम्बंधितों के हस्ताक्षर करवाकर शीशी पर मार्क एल 1 व एल 2 अंकित करवाकर वजह सबूत कब्जा एसीबी लिया गया। तथा डिस्पोजल गिलास को नष्ट किया गया। तत्पश्चात रूई के फोये को सुखाकर एक सफेद कपडे की थैली में रखवाकर थैली पर संबंधित के हस्ताक्षर कराकर थैली पर मार्क आर एफ अंकित कर कब्जा पुलिस लिया गया एवं खाकी रंग के लिफाफे को सुखाकर लिफाफे पर संबंधितों के हस्ताक्षर कराकर लिफाफे को एक सफेद रंग के कपडे की थैली में रखकर थैली पर संबंधितों के हस्ताक्षर कराकर मार्क एल अंकित कर कब्जा पुलिस लिया गया। इस पर अग्रिम कार्यवाही करते हुए गवाह श्री चेतनप्रकाश के पास रखी हुई रिश्वत राशि को गिनवाया गया तो भारतीय चलन मुद्रा के पांच-पांच सौ रूपये के 200 नोट होना पाये गये उक्त नोटों के नम्बरों को पूर्व में बनाई हुई फर्द पेशकशी रिश्वती राशि से मिलान करवाया गया तो नोटों के नम्बर हूबहू पाये गये। नोटों को एक सफेद कागज की चिट के साथ सिलवाकर सील मौहर करवाकर चिट के ऊपर सम्बंधितों के हस्ताक्षर करवाकर वजह सबूत कब्जा पुलिस लिया गया । तत्पश्चात आरोपी प्रशांत गुप्ता से परिवादी के कार्य से सम्बंधित

पत्रावली के सम्बंध में पूछा तो आरोपी ने बताया कि बालूराम जी की पत्रावली के बारे में उप सचिव अनिल पालीवाल जी बता सकते है। इस पर हमराही जाब्ता के द्वारा उप सचिव श्री अनिल पालीवाल को बुलवाया गया तथा रिश्वत राशि एवं पत्रावली के सम्बंध में पूछा तो उप सचिव ने बताया कि मैं वर्ष 2024 से उप सचिव आवासन मंडल जयपुर के पद पर कार्यरत हूं और कुछ महीनों से मेरे पास आवासन मंडल जयपुर के सचिव का अतिरिक्त चार्ज भी है। मुझे इस प्रकरण की कोई जानकारी नही है ना ही मेरी किसी से कोई बात हुई है नाही मैने किसी से कभी कोई रिश्वत राशि की मांग की है। मैंने प्रशांत जी को कुछ नही बोला है। मैंने रिश्वत मांगने के लिए प्रशांत जी को कभी भी नही बोला है। पत्रावली में वर्तमान में क्या चल रहा है इसकी वर्तमान स्थिति के बारे में भी कोई जानकारी नही है। मैं बालूराम को नही जानता हूं एवं नाही मेरी इससे कोई मुलाकात हुई है और नाही बालूराम की पत्रावली के बारे में कोई बात हुई है। इस पर पास में खडे परिवादी श्री बालूराम जी ने बताया कि मैं मेरी फाइल के बारे में जानकारी लेने के लिए कई महीनों से इस कार्यालय में आ रहा हूं। मैं मेरी पत्रावली के सम्बंध में श्री अनिल पालीवाल जी से कई बार मिला हूं। मुझे मेरी फाइल के बारे में प्रशांत जी से मिलने के लिए कहा इस पर श्री अनिल पालीवाल उप सचिव जी ने बताया कि ये झूंठ बोल रहे हैं मैंने इनसे कभी प्रशांत जी से मिलने के लिए नही कहा और नाही आज वाट्सअप पर कोई बात की है। तत्पश्चात परिवादी से प्राप्तशुदा डिजीटल वॉइस रिकॉर्डर को चालू कर सुना गया एवं वक्त रिश्वत लेनदेन वार्ता वाले मेमोरी कार्ड को रिकॉर्डर में डालकर टेबल स्पीकर की सहायता से सुना गया गया तो वक्त रिश्वत लेन-देन वार्ता रिकॉर्ड होना पायी गयी जिसका पृथक से रूपान्तरण लेपटॉप की सहायता से टेबल स्पीकर से सुना जाकर तैयार करवाया जावेगा। परिवादी के कार्य से संबंधित पत्रावली की जप्ती संबंधी कार्यवाही वाट्सअप कॉल अनुसार कमीशनर कार्यालय से पृथक से की जाएगी एवं आरोपी प्रशांत गुप्ता एवं संदिग्ध अनिल पालीवाल के मोबाइल जप्ती की कार्यवाही पृथक से की जावेगी। आरोपी प्रशांत गुप्ता कनिष्ठ विधि अधिकारी का उक्त कृत्य धारा 7,7ए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित वर्ष 2018) व 61(1) बीएनएस अपराध श्रेणी में आता है। अतः उक्त आरोपी को जरिये फर्द पृथक से गिरफ्तार किया जावेगा एवं संदिग्ध श्री अनिल पालीवाल उप सचिव आवासन मंडल जयपुर के भूमिका अनुसंधान से स्पष्ट होगी। फर्द रैक धुलाई व बरामदगी रिश्वत राशि पृथक से मुर्तिब की जाकर शामिल पत्रावली की गई। तत्पश्चात समय 07.30 पीएम पर दोनो स्वतंत्र गवाहान के समक्ष समक्ष आरोपी प्रशांत गुप्ता पुत्र श्री के के गुप्ता उम्र 41 साल जाति महाजन निवासी 4/492 मालवीय नगर पुलिस थाना मालवीय नगर जिला जयपुर हाल कनिष्ठ विधि अधिकारी आवासन मंडल जयपुर द्वारा परिवादी से उसके पिताजी के नाम आवंटित आवास जो परिवादी के नाम स्थानांतरित होने पर आवास का मांगपत्र एवं आवंटन पत्र जारी करने की एवज में तीन लाख रूपये रिश्वत की मांग करना व परिवादी के निवेदन करने पर दौराने रिश्वत मांग सत्यापन एक लाख रूपये लेने पर सहमत होना तथा आज दिनांक 29.01.25 को रिश्वत राशि 1,00,000 रूपये को अपनी टेबल की रैक में रखवाना जहां से रिश्वत राशि बरामद होने का उक्त कृत्य धारा 7,7ए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988(यथा संशोधित वर्ष 2018) व 61(2) बीएनएस के तहत दण्डनीय अपराध होने से आरोपी को जुर्म से आगाह कर हस्व कायदा समस्त कानूनी प्रावधान बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया जाकर अभियुक्त की जामा तलाशी गवाह श्री हकीत मौहम्मद खान से लिवाई गई तो आरोपी के पास एक एप्पल कम्पनी का 12 प्रो मोबाईल जिसमें ऐयरटेल व वोडाफोन की सिम जिनके नं0 क्रमशः [redacted] एवं [redacted] हैं एवं दूसरा मोबाइल सेमसंग कम्पनी का जिसमें एयरटेल कम्पनी की सिम नं. [redacted] डली हुई है एवं जामा तलाशी में 17450/-रूपये नगद मिले जिनके संबंध में पूछा तो आरोपी ने घर खर्च के होना बताये। आरोपी के पास मिली राशि के संबंध में संतोषप्रद जबाब देने पर उक्त राशि व सैमसंग मोबाईल को आरोपी के कहे अनुसार कार्यालय में पदस्थापित कर्मचारी श्री चंदन सिंह को संभलाया गया। गिरफ्तारी की सूचना भी श्री चंदन सिंह को दी गई। तथा एप्पल 12 प्रो मोबाइल को जरिए फर्द पृथक से जब्त किया जावेगा। फर्द गिरफ्तारी पृथक से मुर्तिब की जाकर शामिल पत्रावली की गई। तत्पश्चात समय 08.00 पीएम पर दोनो स्वतंत्र गवाहान के समक्ष राजस्थान आवासन मंडल जयपुर में पदस्थापित कार्मिक श्री अनिल कुमार तकनीकी सलाहकार से पत्रावली के सम्बंध में पूछा तो उसने दो पत्रावलियां पेश की जिनका अवलोकन किया गया जिनका विवरण निम्नानुसार है। एक पत्रावली जिसके प्रथम पेज पर राजस्थान आवासन मंडल वृत्त तृतीय जयपुर श्री बालूराम एवं आवास सं. 7एच 43 अंकित है। जिसके अंदर कार्यालय नोटशीट , विशिष्ठ पंजीकरण योजना 2003 का आवेदन फार्म एवं आवेदन कर्ता से सम्बंधित दस्तावेजात एवं राजस्थान आवासन मंडल द्वारा समय समय पर जारी परिवादी को किए गये पत्राचार आदि लगे हुए हैं। उक्त पत्रावली के कार्यवाही हाजा में वजह सबूत आवश्यकता होने पर उक्त पत्रावली की छायाप्रति करवाई जाकर छायाप्रति पत्रावली की नम्बरिंग करवाई गई तो पत्रावली में कुल 01 लगायत 195 पेज हैं। छायाप्रति पत्रावली को श्री अनिल गोयल तकनीकी सलाहकार राजस्थान आवासन मंडल जयपुर से प्रमाणित करवाया जाकर प्रमाणित पत्रावली के प्रथम एवं अंतिम पेज पर सम्बंधित के हस्ताक्षर करवाये जाकर कब्जा एसीबी लिया गया । दूसरी पत्रावली जिसके प्रथम पेज पर राजस्थान आवासन बोर्ड ज्योति नगर जयपुर , परिवादी का आवास नम्बर 7 एच 43 इंदिरागांधी नगर जगतपुरा जयपुर अंकित है। पत्रावली के अंदर कार्यालय नोटशीट एवं आवास की वस्तुस्थिति रिपोर्ट लगी हुई है। उक्त पत्रावली के कार्यवाही हाजा में वजह सबूत आवश्यकता होने पर उक्त पत्रावली की छायाप्रति करवाई जाकर छायाप्रति पत्रावली की नम्बरिंग करवाई गई तो पत्रावली में कुल 01 लगायत 07 पेज हैं। छायाप्रति पत्रावली को श्री अनिल गोयल तकनीकी सलाहकार

राजस्थान आवासन मंडल जयपुर से प्रमाणित करवाया जाकर प्रमाणित पत्रावली के प्रथम एवं अंतिम पेज पर सम्बंधित के हस्ताक्षर करवाये जाकर कब्जा एसीबी लिया गया। मूल दोनो पत्रावलियों को श्री अनिल कुमार तकनीकी सलाहकार राजस्थान आवासन मंडल जयपुर को सुपुर्द किया जाकर परिवादी के वैध कार्य को करवाने की हिदायत दी गई। फर्द जब्ती रिकॉर्ड पृथक से मुर्तिब कर शामिल पत्रावली किया गया। तत्पश्चात समय 08.30 पीएम पर दोनो स्वतंत्र गवाहान के समक्ष दिनांक 29.01.25 को दौराने ट्रेप कार्यवाही श्री दिलीप कुमार कानि नं. 610 के निजी मोबाइल से आरोपी प्रशांत गुप्ता कनिष्ठ विधि अधिकारी की टेबल की रेक से बरामद की गई रिश्वती राशि एक लाख रूपये की , की गई वीडियोग्राफी की कार्यालय के लैपटॉप से कनैक्ट कर तीन सीडी तैयार की जाकर सम्बन्धितां के हस्ताक्षर करवाकर दो सीडीयों को अलग-अलग सफेद कपडे की थैली में रखकर सील मोहर कर सम्बन्धितां के हस्ताक्षर करवाये जाकर मार्क -" V अंकित कर कब्जा एसीबी लिया गया तथा शेष एक सीडी को आई/ओ प्रति के रूप में खुली रखी जाकर शामिल पत्रावली किया गया। फर्द वीडियोग्राफी बरामदगी रिश्वती राशि पृथक से मुर्तिब की जाकर शामिल पत्रावली की गई। तत्पश्चात समय 09.20 पीएम पर दोनो स्वतंत्र गवाहान के समक्ष परिवादी श्री बालूराम की निशादेही पर घटनास्थल का कार्यालय लाइटों की रोशनी में हस्व कायदा मुर्तिब की जाकर सम्बंधित के हस्ताक्षर कराकर शामिल पत्रावली किया गया। तत्पश्चात समय 10.40 पीएम पर दोनो स्वतंत्र गवाहान के समक्ष दौराने ट्रेप कार्यवाही आरोपी प्रशांत गुप्ता द्वारा उसके मोबाइल के वाट्सएप नं. [redacted] से संदिग्ध अनिल पालीवाल उप सचिव के मोबाइल के वाट्सअप नं. [redacted] जो आरोपी प्रशांत गुप्ता के मोबाइल में dr Anil Kumar Paliwal RAS के नाम से सेव है, उक्त दोनों मोबाइलों की कार्यवाही हाजा में बतौर वजह सबूत आवश्यकता होने पर दोनों मोबाइलों को जब्त किया जाना आवश्यक है। जिनका विवरण निम्नानुसार है। आरोपी प्रशांत गुप्ता कनिष्ठ विधि अधिकारी का एप्पल 12 प्रो मोबाइल , रंग आइस ब्लू जिसमें ऐयरटेल व वोडाफोन की सिम डली हुई हैं जिनके नं0 क्रमशः [redacted] एवं [redacted] हैं। उक्त फोन में मोबाइल नं. [redacted] के द्वारा वाट्सअप संचालित है जिसके द्वारा संदिग्ध अनिल पालीवाल के वाट्सअप नं. [redacted] पर वाट्सअप कॉल किया गया था। उक्त कॉल हिस्ट्री का स्क्रीनशॉट लिया जाकर स्क्रीनशॉट का प्रिंटआउट किया जाकर सम्बंधित के हस्ताक्षर कर शामिल पत्रावली किया गया। एवं संदिग्ध अनिल पालीवाल उप सविच राजस्थान आवासन मंडल जयपुर का एप्पल 14 मोबाइल , रंग सफेद जिसमें मोबाइल नं. [redacted] की सिम डली हुई है तथा इसी नम्बर से वाट्सअप संचालित है तथा आरोपी प्रशांत गुप्ता का मोबाइल नम्बर [redacted] जो Law Officer Prashant के नाम से सेव है। जिस पर दौराने ट्रेप कार्यवाही आरोपी प्रशांत गुप्ता द्वारा वाट्सअप कॉल किया गया था। वाट्सअप कॉल हिस्ट्री का स्क्रीनशॉट लिया जाकर स्क्रीनशॉट का प्रिंटआउट किया जाकर सम्बंधित के हस्ताक्षर कर शामिल पत्रावली किया गया। उक्त दोनो मोबाइलों को अलग-अलग सफेद कपडे की थैली में रखकर शील्ड मौहर कर थैली पर सम्बंधितों के हस्ताक्षर करवाये जाकर कब्जा एसीबी लिया गया। फर्द जप्ती मोबाइल पृथक से मुर्तिब कर शामिल पत्रावली की गई। इसके बाद दिनांक 30.01.2025 को समय 12.05 एएम पर बाद ट्रेप कार्यवाही मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय हमराही जाब्ता मय स्वतंत्र गवाहान मय गिरफ्तार शुदा आरोपी प्रशांत गुप्ता मय परिवादी बालूराम मय शील्डशुदा रिश्वत राशि एक लाख रूपये, धोवन की शीशीयां कुल 02 , शील्डशुदा मोबाइल पैकेट एवं शील्डशुदा लिफाफा पैकेट व रूई के फोये का पैकेट मय ट्रेप बॉक्स प्रिन्टर लैपटॉप व वॉइस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्डों के एवं शील्डशुदा सीडीयां व अन्य सामान मय सरकारी वाहन मय चालक विजयसिंह के राजस्थान आवासन मंडल जयपुर से एसीबी मुख्यालय जयपुर के लिए रवाना होकर समय 12.30 एएम पर सीपीएस जयपुर पहुंचा जहां गिरफ्तारशुदा आरोपी को सीपीएस के हवालात में बंद करवाया जाकर हमराही जाप्ता के श्री रितेश कुमार कानि. व श्री दिलीप कुमार कानि. को आरोपी की निगरानी हेतु छोडा गया तथा दोनो स्वतंत्र गवाहान व परिवादी को सुबह 08.00 ए.एम. पर सीपीएस जयपुर में उपस्थित होने हेतु पाबंद कर रूखसत किया गया। तत्पश्चात समय 08.10 एएम पर पूर्व से पाबंदशुदा परिवादी श्री बालूराम एवं दोनो स्वतंत्र गवाहान उपस्थित सीपीएस जयपुर आये जिन्हे बिठाया गया। तत्पश्चात समय 08.20 एएम पर वक्त रिश्वत मांग सत्यापन वार्ता दिनांक 19.12.24 के माईक्रो एसडी कार्ड को वाईस रिकार्डर में डालकर वाईस रिकार्डर को कार्यालय के लैपटॉप जिसमें लाईसेन्सी एन्टीवायरस डला हुआ है से स्कैन किया गया तो वॉइस रिकार्डर में कोई वायरस या मालवेयर नहीं पाया गया। उक्त रिकार्डर में रिकार्ड उक्त वार्ता की ऑडियो फाईस का FTK IMAGER सॉफ्टवेयर की सहायता से MD5 व SHA1 में हैश व्यल्यू निकाली जाकर हैश व्यल्यू का प्रिन्ट ऑउट लिया जाकर संबंधित के हस्ताक्षर करवा कर शामिल पत्रावली किया गया। तत्पश्चात समय 08.30 पीएम पर परिवादी बालूराम व आरोपीगण प्रशांत गुप्ता कनिष्ठ विधि अधिकारी एवं उप सचिव श्री अनिल पालीवाल के मध्य हुई रिश्वत मांग सत्यापन वार्ता दिनांक 19.12.24 जो डिजीटल वॉईस रिकॉर्डर के एसडी कार्ड में रिकॉर्ड है, को लैपटॉप से अटैच कर वॉइस रिकॉर्डर के एसडी कार्ड में रिकॉर्ड वार्तालाप की रूबरू गवाहान व परिवादी के समक्ष एक सीडी तैयार कर रिकॉर्ड वार्ता को सुना जाकर पृथक से गवाहान, परिवादी की मौजूदगी श्री दिलीप कुमार कानि0 से रूपान्तरण व हिन्दी भाषा में अनुवाद तैयार कराया गया। सीडी की और तीन सीडी तैयार करवायी गई। मूल सीडी एवं दो मुल्जिम सीडी प्रति पर सम्बंधितो के हस्ताक्षर करवाकर मार्क " ए " अंकित करवाकर मूल सीडी एवं दो मुल्जिम प्रति सीडी को कपडे की थेली में रखवाकर सील मौहर करवाकर थैली पर सम्बंधितो के हस्ताक्षर गये। वाईस रिकार्डर से माईक्रो एसडी कार्ड को निकालकर उसे एक प्लास्टिक की

डिब्बी में रख कर उक्त डिब्बी को कपडे की थैली में रखकर थैली सम्बंधितो के हस्ताक्षर करवाकर मार्क " एम " अंकित कर सील मौहर करवाकर कब्जा एसीबी लिया गया। तथा आईओ प्रति सीडी को खुला रखा गया। फर्द रूपान्तरण वार्ता पृथक से मुर्तिब कर सम्बंधित के हस्ताक्षर करवाये जाकर शामिल पत्रावली की गई। तत्पश्चात समय 12.00 पीएम पर श्री रीतराम सिंह सहायक उप निरीक्षक को मय आरोपी प्रशांत गुप्ता का स्वास्थ्य परीक्षण कराने हेतु सरकारी वाहन टवेरा मय चालक विजयसिंह के जयपुरिया हॉस्पीटल जयपुर रवाना किया गया। तत्पश्चात समय 12.15 पीएम पर वक्त रिश्वत मांग सत्यापन वार्ता की आई ओ सीडी जिसमें दिनांक 19.12.2024 को आरोपीगण व परिवादी के मध्य हुई वार्ता है उक्त वार्ता की ऑडियो फाईस का FTK IMAGER सॉफ्टवेयर की सहायता से MD5 व SHA1 में हैश व्यल्यू निकाली जाकर हैल व्यल्यू का प्रिन्ट ऑउट लिया जाकर संबंधित के हस्ताक्षर करवा कर शामिल पत्रावली किया गया। तत्पश्चात समय 12.20 पीएम पर दिनांक 08.01.25 रिश्वत राशि लेनदेन के सम्बंध में हुई वार्ता , तथा वक्त रिश्वत लेनदेन वार्ता दिनांक 29.01.25 व कार्यवाही के दौरान आरोपी प्रशांत गुप्ता व संदिग्ध अनिल पालीवाल के मध्य हुई वाट्सअप कॉल वार्ता जिसे वॉइस रिकॉर्डर में रिकॉर्ड किया गया था, के माईक्रो एसडी कार्ड को वाईस रिकार्डर में डालकर वाईस रिकार्डर को कार्यालय के लैपटॉप जिसमें लाईसेन्सी एन्टीवायरस डला हुआ है से स्कैन किया गया तो वॉइस रिकार्डर में कोई वायरस या मालवेयर नहीं पाया गया। उक्त रिकार्डर में रिकार्ड उक्त वार्ता की ऑडियो फाईस का FTK IMAGER सॉफ्टवेयर की सहायता से MD5 व SHA1में हैश व्यल्यू निकाली जाकर हैश व्यल्यू का प्रिन्ट ऑउट लिया जाकर संबंधित के हस्ताक्षर करवा कर शामिल पत्रावली किया गया। तत्पश्चात समय 12.30 पीएम पर परिवादी बालूराम व आरोपीगण प्रशांत गुप्ता कनिष्ठ विधि अधिकारी एवं उप सचिव श्री अनिल पालीवाल के मध्य हुई दिनांक 08.01.25 रिश्वत राशि लेनदेन के सम्बंध में हुई वार्ता तथा वक्त रिश्वत लेनदेन वार्ता दिनांक 29.01.25 व कार्यवाही के दौरान आरोपी प्रशांत गुप्ता व संदिग्ध अनिल पालीवाल के मध्य हुई वाट्सअप कॉल वार्ता जिसे वॉइस रिकॉर्डर में रिकॉर्ड किया गया था, जो डिजीटल वॉईस रिकॉडर्र के एसडी कार्ड में रिकॉर्ड है, को लैपटॉप से अटैच कर वॉइस रिकॉर्डर के एसडी कार्ड में रिकॉर्ड वार्तालाप की रूबरू गवाहान व परिवादी के समक्ष एक सीडी तैयार कर रिकॉर्ड वार्ता को सुना जाकर पृथक से गवाहान, परिवादी की मौजूदगी श्री दिलीप कुमार कानि0 से रूपान्तरण व हिन्दी भाषा में अनुवाद तैयार कराया गया। सीडी की और तीन सीडी तैयार करवायी गई। मूल सीडी एवं दो मुल्जिम सीडी प्रति पर सम्बंधितो के हस्ताक्षर करवाकर मार्क "बी " अंकित करवाकर मूल सीडी एवं दो मुल्जिम प्रति सीडी को कपडे की थेली में रखवाकर सील मौहर करवाकर थैली पर सम्बंधितो के हस्ताक्षर गये। वाईस रिकार्डर से माईक्रो एसडी कार्ड को निकालकर उसे एक प्लास्टिक की डिब्बी में रख कर उक्त डिब्बी को कपडे की थैली में रखकर थैली सम्बंधितो के हस्ताक्षर करवाकर मार्क " एम 1 " अंकित कर सील मौहर करवाकर कब्जा एसीबी लिया गया। तथा आईओ प्रति सीडी को खुला रखा गया। फर्द रूपान्तरण वार्ता पृथक से मुर्तिब कर सम्बंधित के हस्ताक्षर करवाये जाकर शामिल पत्रावली की गई। तत्पश्चात समय 01.20 पीएम पर श्री रीतराम सिंह सहायक उप निरीक्षक मय आरोपी प्रशांत गुप्ता के बाद कराकर स्वास्थ्य परीक्षण मय सरकारी वाहन टवेरा मय चालक विजयसिंह के जयपुरिया हॉस्पीटल जयपुर रवाना होकर वापस सीपीएस जयपुर आया। तत्पश्चात समय 06.00 पीएम पर दिनांक 08.01.25 रिश्वत राशि लेनदेन के सम्बंध में हुई वार्ता तथा वक्त रिश्वत लेनदेन वार्ता दिनांक 29.01.25 व कार्यवाही के दौरान आरोपी प्रशांत गुप्ता व संदिग्ध अनिल पालीवाल के मध्य हुई वाट्सअप कॉल वार्ता की आई ओ सीडी जिसमें दिनांक 03.01.25 व 08.01.25 और दिनांक 29.01.25 को आरोपीगण व परिवादी के मध्य हुई वार्ता है उक्त वार्ता की ऑडियो फाईस का FTK IMAGER सॉफ्टवेयर की सहायता से MD5 व SHA1में हैश व्यल्यू निकाली जाकर हैल व्यल्यू का प्रिन्ट ऑउट लिया जाकर संबंधित के हस्ताक्षर करवा कर शामिल पत्रावली किया गया। तत्पश्चात समय 06.05 पीएम पर दौराने ट्रेप कार्यवाही वॉइस रिकॉर्डर में से रिश्वत लेनदेन वार्ता के मेमारी कार्ड को निकालकर उसमें नया कार्ड डालकर आरोपी प्रशांत गुप्ता एवं परिवादी को संदिग्ध अनिल पालीवाल के कक्ष में रिश्वत राशि प्राप्त करने की संलिप्तता की स्थिति स्पष्ट करने हेतु भेजा गया था उक्त कार्ड को वॉइस रिकॉर्डर से निकालकर एक प्लास्टिक की डिब्बी में रखकर डिब्बी को एक सफेद कपडे की थैली में रखकर शील्ड मौहर किया जाकर सम्बंधितों के हस्ताक्षर करवाकर मार्क एम 2 अंकित कर कब्जा एसीबी लिया गया। तत्पश्चात 06.10 पीएम पर ट्रेप कार्यवाही में वजह सबूत को सील्ड करने के काम में ली गई पीतल की सील नं0 64 को परिवादी व गवाहान की मौजूदगी में जरिये फर्द नष्ट किया गया। फर्द की एक प्रति गवाह श्री चेतनप्रकाश विजय को दी गई। बाद सम्पन्न कार्यवाही परिवादी व दोनो स्वतंत्र गवाहान को रूखस्त किया गया। अब तक सम्पन्न की गई ट्रेप कार्यवाही से पाया गया कि परिवादी श्री बालूराम के पिताजी स्व. श्री मोहनलाल जी को आरएचबी की विशिष्ठ पंजीयन योजना 2003 के अन्तर्गत इन्द्रा गांधी नगर जगतपुरा में आवंटित हुए आवास संख्या 7 एच 43 को परिवादी के पिता की मृत्यु के पश्चात परिवादी के नाम स्थानांन्तरित हो जाने पर एवं परिवादी द्वारा समय समय पर मांग राशि जमा कराने की स्वीकृति के लिए पत्र प्रेषित किये जाने के उपरांत भी राजस्थान आवासन मंडल जयपुर द्वारा उक्त आवास पर निर्णय नही करते हुए राजस्थान आवासन मंडल जयपुर कार्यालय में पदस्थापित श्री अनिल कुमार जिनके पास सचिव का चार्ज भी है। डिप्टी सैक्रेटी द्वारा प्रशांत गुप्ता जे एल ओ के मार्फत परिवादी के आवास आवंटन पत्र की मांग राशि बिना ब्याज जमा कराने एवं पोजिटिव टिप्पणी के साथ आवंटन पत्र जारी करने की एवज में परिवादी से दस लाख रूपये रिश्वत की मांग करना एवं दौराने रिश्वत मांग सत्यापन वार्ता दिनांक

19.12.24 को आरोपी प्रशांत गुप्ता कनिष्ठ विधि अधिकारी द्वारा परिवादी के निवेदन करने पर एक लाख रूपये रिश्वत राशि लेने पर सहमत होना एवं दिनांक 29.01.25 को आरोपी प्रशांत गुप्ता द्वारा परिवादी से रिश्वत राशि एक लाख रूपये को अपनी टेबल की रैक में रखवाने , जहां से रिश्वत राशि एक लाख रूपये बरामद होने का उक्त कृत्य धारा 7,7ए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988(यथा संशोधित 2018) एवं 61(2) बीएनएस का अपराध प्रथम दृष्टया प्रमाणित पाया गया है। संदिग्ध आरोपी अनिल पालीवाल उप सचिव कार्यालय राजस्थान आवासन मंडल जयपुर की भूमिका दौराने अनुसंधान स्पष्ट होगी। उक्त आरोपी के विरूद्ध उपरोक्त धारा में बिना नम्बरी प्रथम सूचना रिपोर्ट वास्ते कायमी जुर्म प्रधान आरक्षी केन्द्र भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों जयपुर प्रेषित है। (अमित सिंह) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, भरतपुर। .....कार्यवाही पुलिस.....प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त टाईपशुदा बिना नम्बरी प्रथम सूचना रिपोर्ट श्री अमित सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,भरतपुर ने प्रेषित की है मजमून रिपोर्ट से जुर्म अन्तर्गत धारा 7,7ए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988(यथा संशोधित 2018) एवं 61(2) बीएनएस में प्रशांत गुप्ता पुत्र श्री के के गुप्ता उम्र 41 साल जाति महाजन निवासी 4/492 मालवीय नगर पुलिस थाना मालवीय नगर जिला जयपुर हाल कनिष्ठ विधि अधिकारी आवासन मंडल जयपुर के विरूद्ध पंजीबद्ध कर प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रतियां नियमानुसार जारी की गई। उक्त प्रकरण में अनुसंधान अधिकारी श्री संदीप सारस्वत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,एस.आई. यू. जयपुर को मनोनित किया गया है। उक्त की रोजनामचाआम 558 पर अंकित है। (राहुल कोटोकी) उप महनिरीक्षक पुलिस, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान जयपुर। क्रमांक 108-11 दिनांक 31.01.2025 प्रतिलिपि सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:-1.विशिष्ठ न्यायाधीश एवं सैशन न्यायालय, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, क्रम संख्या-1 जयपुर, 2. अध्यक्ष, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर 3. उप महानिरीक्षक-तृतीय, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जयपुर 4. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,भरतपुर। उप महनिरीक्षक पुलिस, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान जयपुर।

13. Action taken : Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.

(की गई कार्यवाही: चूँकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता हैं कि अपराध करने का तरीका मद सं.2 में उल्लेख धारा के तहत हैं):

(1) **Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जाँच के लिए लिया गया):**

or (या)

(2) **Directed (Name of I.O.): (जाँच अधिकारी का नाम):** Sandeep Saraswat **Rank (पद):** अपर पुलिस अधीक्षक

No(सं.): **to take up the Investigation (को जाँच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or(या)**

(3) **Refused investigation due to (जाँच के लिए) :**

or (के कारण इंकार किया, या)

(4) **Transferred to P.S.(थाना):** **District (जिला):**

on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित) .

F.I.R.read over to the complainant/informant,admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant/informant free of cost.

(शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गई, सही दर्ज हुई माना और एक प्रति नि:शुल्क शिकायतकर्ता को दी गई|)

R.O.A.C.(आर.ओ.ए.सी.)

14. **Signature/Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर / अंगूठे का निशान):**

Signature of Officer in charge, Police Station (थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)

Signed by: Rahul Katakey
Location: Rajasthan,IN
Date: 31/01/2025 20:

15. **Date and time of dispatch to the court (अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):**

Name(नाम): RAHUL KATAKEY

Rank (पद): Dy. IG (Deputy Inspector General)

No(सं.):

Attachment to item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद 7 संलग्नक):

Physical features, deformities and other details of the suspect/accused:(If known/seen)
(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण :(यदि ज्ञात / देखा गया))

S.No.(क्र.सं.)	Sex (लिंग)	Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष)	Build (बनावट)	Height(cms.) (कद(से.मी))	Complexion (रंग)	Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह)
1	2	3	4	5	6	7
1	Male	04/04/1984				

Deformities/ Peculiarities (विकृतियाँ/ विशिष्टताएँ)	Teeth (दाँत)	Hair (बाल)	Eyes (आँखें)	Habit(s) (आदतें)	Dress Habit(s) (पहनावा)
8	9	10	11	12	13

Language /Dialect (भाषा /बोली)	Place Of(का स्थान)					Others (अन्य)
	Burn Mark (जले हुए का निशान)	Leucoderma (श्वेत रोग)	Mole (मस्सा)	Scar (घाव)	Tattoo (गूदे हुए का)	
14	15	16	17	18	19	20

These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.
(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है |)